सेंट मोन्टफोर्ट सीनियर स्कूल भोपाल ''आशीर्वाद समारोह'' 2019–20

''यदि आप अलविदा कहने के लिए पर्याप्त है तो जीवन आपको एक नये हेलो के साथ पुरस्कृत करेगा।''

दिनांक 18.01.2020 को सेंट मोन्टफोर्ट सीनियर स्कूल भोपाल' में कक्षा 12वीं के छात्रों की विदाई हेतु 'आशीर्वाद समारोह'' का आयोजन किया गया। इस समाराह में 12वीं कक्षा के छात्र –छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी शामिल थे । कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने विद्यालय परिसर की सुन्दर सजावट की।इस भव्य सज्जा के साथ ग्यारहवीं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक 12वीं कक्षा के छात्रों एवं अभिभावकों का स्वागत वंदन एवं अभिनंदन किया। प्राचार्य जी , उपप्राचार्य जी , कोऑर्डिनेटर ,सिस्टर और हेड ब्वाय एवं हेड गर्ल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रार्थना गीत की प्रस्तुति की गई । ईश्वर आराधना के साथ श्रीमती ज्योति नायर ने प्रांगण में पधारे सभी अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया। कक्षा 11वीं के छात्रों के सामूहिक नृत्य की प्रस्तूति धमाकेदार रही। जिसने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के हेड ब्वाय मास्टर रूशान राणा एवं हेड गर्ल मिस नेहा शर्मा ने अपने विद्यार्थी जीवन के ह्दयस्पर्शी पलों को सांझा करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए एवं धन्यवाद देते हुए बताया की हम नर्सरी से आज तक जिस स्तर पर पहुँचे हैं वह केवल अपने शिक्षकों के द्वारा। प्रत्येक शिक्षक ने हमें छोटी– छोटी समझाइश के साथ अनुशासनबद्ध रहना सिखया। तदोपरांत 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा यादगार स्वरूप भेंट विद्यालय के लिए प्रदान की गई । विद्यालय के प्राचार्य आरणीय ब्रदर मोनाचन के के ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। एवं समझाया कि जीवन में प्रत्येक का सपना सच हो सकता है, यदि आप कर्मठ है। बीच –बीच में छात्रों की रंगारंग प्रस्तुति ने सभी का दिल जीता। कक्षा 12वीं की छात्रा मिस अनवेशा की अभिभावक श्रीमती स्निग्धा दास ने भी छात्रों को जीवन में सफलता प्राप्त करने का साधन शिक्षकों एवं विद्यालय को बताया। उनका कहना था कि विद्यालय बिना विद्या एवं शिक्षक बिना अनुशासन संभव नही है।

मनोविनोद हेतु हास्य प्रस्तुति का मंचन किया गया। अंगेजी विभाग के शिक्षक श्रीमान कृष्णा कपिल सर ने भी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए प्रेरक वचन प्रदान किए। छात्रों द्वारा बेड़ की सुन्दर प्रस्तुति दी गई । ग्रांड फिनाले में छात्रों ने जमकर धूम मचाई । तत्पश्चात् कक्षा 12 वीं से मिस्टर मोंटफोर्ट एवं मिस मोटफोर्ट 2019–20 पद के लिए मा. रूशान राना एवं मिस नेहा शर्मा को पुरस्कृत किया गया। सत्र 2019–20 के अनुशासन पद के लिए मा. हर्ष शर्मा को सर्वश्रेष्ठ अनुशासित छात्र के रूप में चुना गया। समय की पांबदी एवं निष्ठा रूपी 2019–20 पुरस्कार मा. ओसाफ अहमद को दिया गया। विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा 2019–20 का पुरस्कार मिस महक सक्सेना को दिया गया। प्रकांड अर्थात् प्रत्येक कार्य में निपुणता 2019–20 का पुरस्कार मिस साक्षी सोनी को प्राप्त हुआ। इसके बाद 12वीं कक्षा के सभी छात्रों ने प्राचार्य जी, शिक्षकों एवं अभिभावकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। मार्गदर्शक प्रकाश समारोह में भी सभी छात्रों ने आशीष प्राप्त किया । विद्यालय के प्राचार्य जी ,उपप्राचार्य जी ,कोऑर्डिनेटर ,सिस्टर ,शिक्षकगण ,सभी ने छात्रों की उन्नति एवं जीवन में ऊँचाइयों को छूने की ईश्वर से कामना की। छात्रों की आँखे नम थीं। आज उन्हे लग रहा था कि वे विद्यालय से विलग हो रहे है लेकिन साथ में जीवन की सारी खुशियाँ एवं दुआएँ साथ लेकर जा रहे है। ये पल उनके लिए यादगार बन गए।

अंत में कक्षा 11वीं के मंत्रीमण्डल द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं 12वीं के छात्रों को भाव भीनी विदाई दी। सम्पूर्ण कार्यक्रम उत्साह एवं जोश के साथ सम्पन्न हुआ।